

WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

राजनीतिक

● क्या शरद पवार एनसीपी के पुनर्मिलन को आशीर्वाद देंगे ?



महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों के बीच नाटकीय पुनर्मिलन की अटकलें चरम पर पहुंच गई हैं। गुप्त बातचीत की एक श्रृंखला के बाद, अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि विलय की योजना तैयार है, लेकिन अंतिम निर्णय पूरी तरह से पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद पवार के हाथ में है। सूत्रों के मुताबिक, पवार सीनियर ने जानबूझकर निर्णायक फैसला लेने में देरी की है, और नेतृत्व समीकरणों और राजनीतिक नतीजों का आकलन करते हुए दोनों पक्षों को असमंजस में रखा है। पार्टी कार्यकर्ता सुलह की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन यह रणनीतिक हिचकिचाहट महत्वपूर्ण वार्ताओं को रोक रही है, जिससे राजनीतिक विश्लेषक यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि क्या यह सिर्फ एक रणनीति है या फिर वास्तविक अनिच्छा?

● संसद सत्र, मानसून का दूसरा भाग 30 नवंबर से संभव

सूत्रों की मानें तो संसद का अगला सत्र, मानसून सत्र का दूसरा भाग, 30 नवंबर से 18 दिसंबर तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र, जो 13 अगस्त को समाप्त हुआ था, अभी तक स्थगित नहीं किया गया है।

● क्या कर्नाटक में सत्ताधारी पार्टी तीन गुटों में बंटी हुई है?

कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी अब फूट का शिकार हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी तीन गुटों में बंटी हुई है। हर गुट का नेतृत्व तीन बड़े नेता कर रहे हैं और दो प्रमुख गुटों में 30 से अधिक नेता शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हाल ही में हुए स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में गुटबाजी के कारण पार्टी को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

● सोनिया गांधी की 'बिलॉन्गिंग': व्यक्तिगत इतिहास और राजनीतिक विवाद के बीच फँसी एक राजनीतिक आत्मकथा

सोनिया गांधी की बहुप्रतीक्षित आत्मकथा, 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव', जो 10 नवंबर को प्रकाशित हुई, ने काफी राजनीतिक बहस छेड़ दी है, लेकिन इसके खुलासे प्रकाशन से पहले की चर्चाओं की तुलना में कम विस्फोटक प्रतीत होते हैं। सनसनीखेज राजनीतिक रहस्यों को उजागर करने के बजाय, 544 पृष्ठों का यह वृत्तांत परिचित घटनाओं को फिर से याद दिलाता है, जिसमें गांधी ने कांग्रेस काल, मनमोहन सिंह के साथ अपने संबंधों और राजनीतिक विरोधियों के साथ अपनी बातचीत की व्यक्तिगत व्याख्या प्रस्तुत की है। इसका समय राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। तेजी से ध्रुवीकृत होते राजनीतिक माहौल के बीच प्रकाशित यह संस्मरण गांधी को यूपीए शासनकाल के बारे में अपनी राय को फिर से स्थापित करने और संवैधानिक उत्तरदायित्व के बिना सत्ता का प्रयोग करने के आरोपों का खंडन करने का अवसर प्रदान करता है। प्रणब मुखर्जी की प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षाओं, नरेंद्र मोदी के साथ सीमित बातचीत और बच्चन परिवार सहित प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के संदर्भों का उनका वर्णन ध्यान आकर्षित कर सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये कोई बड़े खुलासे हों। पुस्तक की विश्वसनीयता को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने वाली बात तथ्यात्मक विसंगतियां हैं। इसमें अन्ना हजारे आंदोलन की शुरुआत की तारीख गलत तरीके से 2012 बताई गई है, जबकि सही तारीख 2011 है। आरएसएस की स्थापना का वर्ष 1921 बताया गया है, जबकि सही तारीख 1925 है। अहमद पटेल की मृत्यु 2022 में दर्ज की गई है, जबकि सही तारीख 2020 है। इसके अलावा, इसमें अहमदाबाद को गुजरात की राजधानी बताया गया है, जबकि गांधीनगर 1970 से ही राजधानी है। अंततः, संस्मरण का राजनीतिक महत्व खुलासों से अधिक कथात्मक स्थिति में निहित है। हालांकि, इसकी ऐतिहासिक त्रुटियां गांधी के राजनीतिक तर्कों से ध्यान हटाकर संपादकीय सटीकता और तथ्यात्मक विश्वसनीयता के प्रश्नों की ओर मोड़ने का जोखिम पैदा करती हैं।

प्रशासनिक

● बैंकों के सीएमडी और ईडी पदों के लिए जल्द इंटरव्यू होंगे !

बैंक बोर्ड ब्यूरो अगले कुछ महीनों में यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के सीएमडी पद और बैंकों के लिए आठ ईडीएस के पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

● क्या दिल्ली में कोई महिला मुख्य सचिव होंगी ?

ऐसी अफवाहें हैं कि दिसंबर में दिल्ली सरकार में एक महिला मुख्य सचिव की नियुक्ति होगी। नाम का अनुमान लगाइए?

● सीएपीएफः बलों के बीच बेहतर पहचान और समन्वय

बस्तर में आयोजित कार्यक्रम में सीआरपीएफ, कोबरा, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, राज्य पुलिस और अन्य सुरक्षा इकाइयों के कर्मी एक साथ आए, जिसमें आंतरिक सुरक्षा में केंद्रीय और राज्य बलों की संयुक्त भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

● संसद में सीएसओ के पद के लिए आधा दर्जन लोगों ने आवेदन किया

संसद के मुख्य सुरक्षा अधिकारी (सीएसओ) पद के लिए लगभग आधा दर्जन आईपीएस अधिकारियों ने आवेदन किया है। सीएसओ का पद आईजी स्तर के अधिकारी के समकक्ष है। मेघालय के डीजीपी अशोक अग्रवाल के जाने के बाद से यह पद रिक्त है।

● जोबी वीपी ने सीसीएल के लिए निदेशक को नामित किया

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) (अनुसूची बी) में निदेशक (कार्मिक) के पद के लिए महाप्रबंधक (एचआर) जोबी वीपी के नाम की सिफारिश की है।

● सीएसएल के सीवीओ के रूप में पंडी सेल्वा दुरई का कार्यकाल बढ़ाया

सक्षम प्राधिकारी ने 2009 बैच के भारतीय आयुध कारखाना सेवा (आईओएफएस) अधिकारी पांडी सेल्वा दुरई सी. के कार्यकाल को कोच्चि स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में दो वर्ष के लिए विस्तारित करने की मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल 26 मार्च, 2027 से आगे बढ़ाकर 26 मार्च, 2029 तक कर दिया गया है।

● 35 आईआरएस (सी एंड आईटी) अधिकारियों का तबादला

सीबीआईसी ने 35 आईआरएस (सी एंड आईटी) अधिकारियों का तबादला नए पदों पर कर दिया है। इनमें से 5 अतिरिक्त आयुक्त हैं जबकि बाकी संयुक्त आयुक्त हैं।

● आईपीएस अधिकारी एन संजय का निलंबन बढ़ा

आंध्र प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एन. संजय (1996 बैच, एपी कैडर) का निलंबन 31 मार्च, 2027 को उनकी सेवानिवृत्ति तक या उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही समाप्त होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया है। मुख्य सचिव जी. साई प्रसाद ने 6 नवंबर को समीक्षा समिति की सिफारिश के बाद यह सरकारी आदेश जारी किया। संजय को दिसंबर 2024 में राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवाओं के महानिदेशक रहते हुए, AGNI NOC वेब पोर्टल के विकास और रखरखाव में सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग और गबन के आरोप में निलंबित किया गया था।

● डीजीडीई ने आईडीईएस ग्रुप 'ए' के अधिकारियों को एचएजी के पद पर पदोन्नत किया

रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) ने भारतीय रक्षा संपदा सेवा (आईडीईएस) के ग्रुप 'ए' अधिकारियों को उच्च प्रशासनिक ग्रेड (एचएजी), वेतन मैट्रिक्स के लेवल-15 पर पदोन्नत करने के साथ-साथ परिणामी तबादलों और पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ...

सीएनएच की आधारशिला रखी, कहा- देश-विदेश की कंपनियां यूपी में कर रहीं निवेश



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, नोएडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यमुना सिटी के सेक्टर-8 में 100 एकड़ मे 1220 करोड रुपये की लागत से बनने वाली सीएनएच कंपनी की आधारशिला लखनऊ से ऑनलाइन रखी। इस दौरान जेवर में आयोजित कार्यक्रम में गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, सीएनएच इंडस्ट्रियल एनवी के सीईओ गेरिट मार्क्स और सीएनएच इंडिया रीजन के प्रेसिडेंट एवं एमडी नरेंद्र मित्तल, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, निदेशक और अधिकारी मौजूद रहे।

यमुना प्राधिकरण ने सीएनएच कंपनी को सेक्टर-8 में 100 एकड़ जमीन आवंटित की है। यहां कंपनी ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी का निर्माण करेगी। गुरुवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री ने इस कंपनी की वर्चुअल आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विश्वास प्रकट करने के लिए के मै सीएनएच के प्रबंधन का हृदय है आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह प्रोजेक्ट प्रदेश में कृषि क्षेत्र, विकास और मॉडर्न मैन्युफैक्चरिंग को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से स्थानीय युवाओं को रोजगार और व्यापार का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश के नाम में ही उत्तर है, उसके सामने 2017 से पहले कई प्रश्न थे। पलायन का, उपेक्षा का, पिछड़ेपन का, पहचान का, अराजकता का। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रूल ऑफ माफिया के स्थान पर रूल आफ लॉ स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि अच्छी कानून व्यवस्था की वजह से उत्तर प्रदेश में निवेश बढा है। प्रदेश विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है।

अच्छी कानून व्यवस्था और उद्योग क्षेत्र को मिल रही बेहतरीन सुविधा के चलते देश- विदेश की कंपनियां लाइन लगाकर यहां पर निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख निवेश क्षेत्र के रूप में अपनी नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था स्थापित होने के पीछे केवल पुलिस भर्ती ही नहीं है, उनके आधुनिकरण के साथ-साथ अपराध और अपराधियों के प्रति सरकार का सख्त रूख एक प्रमुख कारण रहा है।

उन्होंने इस अवसर पर चुटकी लेते हुए कहा कि आपने यूपी के बुलडोजर की जरूर चर्चा सुनी होगी। इसलिए मैं कंपनी से इसबारे में कहूंगा कि आप यूपी में बुलडोजर और ट्रैक्टर की मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए आए हैं ,तो देश और विदेश में स्वतः ही इसकी डिमांड होगी। बुलडोजर यहां का ब्रांड बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उन्होंने कहा की उद्योग को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में कई पॉलिसी लागू की गई है। विशाल इंडस्ट्रियल लैंड बैंक नेटवर्क एक मजबूत आधार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि निवेश में प्रदेश टॉप पर है। उन्होने कहा कि एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर ने प्रदेश में कनेक्टिविटी को एक नई ताकत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि टाटा, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट ,आईबीएम, इंफोसिस, एचसीएल, हिंदूजा ग्रुप आदि के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में संयुक्त ग्रुप से उद्योग का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, सेमीकंडक्टर, स्टार्टअप और डाटा सेंटर से लेकर साइबर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी तथा खेलकूद जैसे क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आज तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। निवेश ,नवाचार, रोजगार के नए द्वार ढूंढ रहा है।

वाराणसी में सिंधी समाज ने निकाली भगवान झूलेलाल की ध्वजा यात्रा

दीपदान कर की सुख-समृद्धि की कामना



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी : दिव्य कार्तिक मास के पावन अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी वाराणसी में सिंधी समाज की ओर से भगवान झूलेलाल की भव्य ध्वजा यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा से पूर्व लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल एवं हिंगलाज माता की प्रतिमाओं के समक्ष दीपदान कर पल्लव प्रार्थना की और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इसके पश्चात सिंधी समाज के जयप्रकाश बलानी ने भगवान झूलेलाल की पवित्र ध्वजा उठाकर यात्रा का शुभारंभ किया। ध्वजा यात्रा में समाज की महिलाओं ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवान झूलेलाल के जयकारों और संकीर्तन के बीच यात्रा लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर प्रेम प्रकाश आश्रम, सिंधु नगर तक पहुंची।

मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर ध्वजा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। प्रेम प्रकाश आश्रम पहुंचने पर भगवान विष्णु एवं भगवान झूलेलाल की भव्य आरती की गई। इसी के साथ धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के वातावरण में ध्वजा यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर जे.पी. बलानी, सुरेश तुलस्यान, अनिल शर्मा, रोहित बलानी, हेमंत केशवानी, गोपाल सचदेवा, वासुदेव नागवानी, देवानंद वाध्या, मुस्कान शर्मा, अमृता अठवानी, लीना जजानी, जितेंद्र तलरेजा एवं चंद्रा सचदेवा सहित सिंधी समाज के अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यातायात माह में पुलिस ने 2351 वाहनों का किया चालान, 12 सीज

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, जौनपुर : उत्तर प्रदेश के जौनपुर में यातायात माह नवंबर-2026 के तहत यातायात पुलिस ने जागरूकता के साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान जिले में अब तक 2351 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 12 वाहनों को सीज किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर चंद्रशेखर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रमुख चौराहों, तिराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर तथा हैंडबिल और पंपलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी न बैठाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। इसके साथ ही वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाने तथा हूटर, सायरन और प्रेशर हॉर्न के अनधिकृत प्रयोग से बचने की अपील की गई।

अभियान के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र के साथ ही बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों की सघन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। काली फिल्म लगे वाहनों से फिल्म भी उतरवाई गई। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहयोग करने की अपील की।

लोक आस्था के महापर्व डाला छठ की बिखरने लगी छटा, आज नहाय-खाय से होगा चार दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ

पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी : उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी)में लोक आस्था के महापर्व डाला छठ की छटा बिखरने लगी है। गांव,शहर की गली-मोहल्लों से लेकर घरों और बाजारों तक छठी मैया के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। चार दिवसीय इस महापर्व का शुभारंभ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ होगा। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों में खासा उत्साह है। घरों में साफ-सफाई से लेकर पूजन सामग्री जुटाने और प्रसाद तैयार करने तक की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं।

छठ पर्व की तैयारियों के मद्देनजर शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। बांस से बने सूप, दउरा, डलिया, गन्ना, मौसमी फल और पूजन में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। व्रती महिलाओं के परिजन पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। वहीं, गंगा के विभिन्न घाटों, वरुणा नदी के किनारे तथा शहर के तालाबों और सरोवरों पर व्रतियों के परिजन पूजा की वेदियां बनाने और स्थान सुरक्षित करने में लगे हैं। घरों में छठी मैया के पारंपरिक गीतों के साथ नए भक्ति गीत भी सुनाई दे रहे हैं। 'बाट जे पूछेला बटोहिया, बहंगी केकरा के जाय...' और 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...' जैसे लोकगीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। छठ गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच काशी में पर्व की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं।

बिहार-यूपी की सीमाओं से निकलकर विदेशों तक पहुंची छठ की आस्था : डाला छठ अब बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रह गया है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों में बसे भारतीय समुदायों के बीच भी इस महापर्व की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। सूर्य उपासना, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक मंगलकामना से जुड़ा यह पर्व लोक संस्कृति और सामाजिक समरसता का विशिष्ट उदाहरण बन गया है।

साहित्यकार धकाधक बनारसी (श्याम नारायण लाल) के अनुसार, छठ पर्व में भगवान सूर्य की आराधना की जाती है। सूर्य को ऊर्जा, शक्ति और जीवन का मूल स्रोत माना गया है। हिंदू धर्म में सूर्य ऐसे प्रत्यक्ष देवता हैं, जिनके दर्शन प्रतिदिन होते हैं। छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाएं कठिन व्रत, तप, त्याग और संयम का पालन कर सूर्यदेव तथा छठी मैया के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट करती हैं।

फर्रुखाबाद में 21 को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम

हाथरस। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 21 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं विवाह कार्यक्रम समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। इसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानजनक वातावरण में कराया जाता है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों का चयन शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी पारदर्शिता से करने तथा उनके अभिलेखों का समय से सत्यापन और पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विवाह समारोह स्थल पर पंडाल, मंच, बैठने, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, शौचालय, भोजन और जलपान के साथ पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने को कहा। पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सकीय टीम और प्राथमिक उपचार तथा नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग को सफाई और पेयजल की जिम्मेदारी सौंपी गई। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय से समयबद्ध ढंग से कार्य करें, ताकि वर-वधू और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

फरवरी- मार्च में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता : चौरसिया



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज : वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव अब नजदीक हैं। फरवरी के अंतिम सप्ताह से मार्च के प्रथम सप्ताह तक चुनाव होने की संभावना है। ऐसे में कार्यकर्ता चुनाव को करीब मानकर पूरी तत्परता से तैयारी में जुट जाएं।

मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के साथ नए मतदाताओं को जोड़ने के अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यह बातें गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में प्रयागराज महानगर, गंगापार और यमुनापार के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी 17 नवंबर से 26 दिसंबर तक नए मतदाताओं को जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ सफल बनाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर नए मतदाताओं को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर पर पार्टी की स्थिति मजबूत करने का काम करें।

अशोक चौरसिया ने कहा कि पूरा विपक्ष भाजपा को हराने के उद्देश्य से चुनाव लड़ रहा है, जबकि भाजपा देश को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। कार्यकर्ताओं को संकल्प लेना होगा कि प्रयागराज की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए अभी से संगठनात्मक तैयारियों को गति देनी होगी।

तुलसीघाट पर आज होगा विश्वप्रसिद्ध नाग नथैया मेला

कालियानाग के फन पर नृत्य करते दिखेंगे भगवान श्रीकृष्ण

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी: उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी के प्रसिद्ध लक्खा मेलों में शुमार तुलसीघाट का विश्वप्रसिद्ध नाग नथैया मेला शुक्रवार, 13 नवम्बर को आयोजित होगा। अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास एवं श्री संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र की देखरेख में दोपहर तीन बजे से लीला का आयोजन शुरू होगा।

मेले को लेकर गुरुवार को तुलसीघाट पर दिनभर तैयारियां चलती रहीं। गंगा में आई बाढ़ के बाद घाट पर जमा मिट्टी और सिल्ट हटाने का काम युद्धस्तर पर किया गया। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मेला स्थल, घाट और आसपास की गलियों का निरीक्षण किया। आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार, नाग नथैया लीला के आयोजन का उद्देश्य गंगा सहित नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखने और जल संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक करना भी है।



शाम 4:40 बजे कदंब की डाल से गंगा में छलांग लगाएंगे कान्हा

नाग नथैया की लीला के दौरान तुलसीघाट पर गंगा को प्रतीकात्मक रूप से यमुना के रूप में सजाया जाता है। दोपहर तीन बजे से शुरू होने वाली लीला में भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ यमुना किनारे गेंद खेलते हैं। इसी दौरान गेंद नदी में चली जाती है। यमुना में कालियानाग के रहने के कारण कोई भी नदी में उतरने का साहस नहीं करता। बाल सखाओं के आग्रह पर भगवान श्रीकृष्ण कदंब की डाल पर चढ़ते हैं और शाम 4 बजकर 40 मिनट पर नदी में छलांग लगा देते हैं। काफी देर तक कान्हा के नदी से बाहर नहीं आने पर बाल सखा व्याकुल हो उठते हैं। कुछ समय बाद भगवान श्रीकृष्ण कालियानाग का मान-मर्दन कर उसके फन पर नृत्य करते हुए प्रकट होते हैं। इस दौरान उनके हाथों में बांसुरी होती है और वे वेणुवादन करते नजर आते हैं।

गोस्वामी तुलसीदास ने की थी मेले की शुरुआत

काशी के ऐतिहासिक नाग नथैया मेले की परंपरा गोस्वामी तुलसीदास से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि उन्होंने ही इस लीला की शुरुआत की थी। मेले की एक प्रमुख विशेषता काशी राजपरिवार की पारंपरिक उपस्थिति भी है। परंपरा के अनुसार, काशीनरेश के उत्तराधिकारी महाराज कुंवर अनंत नारायण सिंह अपने पुत्र के साथ रामनगर दुर्ग से बड़े स्टीमर के काफिले में सवार होकर तुलसीघाट पहुंचते हैं। वे स्टीमर पर सवार होकर ही लीला की परिक्रमा करते हुए इसका दर्शन करते हैं। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप धारण किए बाल कलाकार अस्थायी कदंब की डाल से गंगा में छलांग लगाते हैं।

आपका राशिफल 13 नवम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक 2 4 6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक 1 4 6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक 3 5 7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-5-7